# महिला टी20 विश्व कप 2026 का आगाज 12 जून से

**भारत-पाकिस्तान भिड़ंत पर टिकी नजरें**

## 24 दिनों तक चलेगा रोमांचक क्रिकेट महासंग्राम



**नई दिल्ली, 9 जून आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2026 का आगाज 12 जून से इंग्लैंड और वेल्स में होने जा रहा है, जिसमें दुनिया की 12 शीर्ष टीमें खिताब के लिए आमने-सामने होंगी. यह टूर्नामेंट 24 दिनों तक चलेगा और इसका समापन 5 जुलाई को ऐतिहासिक लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में फाइनल मुकाबले के साथ होगा.**

टूर्नामेंट का पहला मैच मेजबान इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच खेला जाएगा, जिससे क्रिकेट प्रेमियों को रोमांचक शुरुआत देखने को मिलेगी. भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत 14 जून को पाकिस्तान के खिलाफ हाई-वोल्टेज मुकाबले से करेगी, जो इस टूर्नामेंट के सबसे चर्चित मैचों में से एक माना जा रहा है. ग्रुप चरण में भारत का सामना ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, पाकिस्तान, बांग्लादेश और नीदरलैंड जैसी टीमों से होगा, जिससे सेमीफाइनल की राह आसान नहीं रहने वाली है. पूरे टूर्नामेंट में कुल 33 मुकाबले खेले जाएंगे और कई डबल व ट्रिपल हेडर मैच भी फैंस के लिए रोमांच बढ़ाएंगे. महिला टी20 विश्व कप 2026 का आयोजन इस बार इंग्लैंड और वेल्स में किया जा रहा है, जहां कुल 12 टीमें हिस्सा लेंगी. टूर्नामेंट को दो ग्रुप में बांटा गया है, जिसमें हर टीम को ग्रुप स्टेज में पांच मैच खेलने होंगे. ग्रुप चरण के बाद शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल में प्रवेश करेंगी. इस बार नीदरलैंड की टीम पहली बार महिला टी20 विश्व कप में भाग ले रही है, जिससे प्रतियोगिता और अधिक प्रतिस्पर्धी बन गई है. कुल मिलाकर 33 मैच खेले जाएंगे, जिनमें कई मैच दिन और रात के समय होंगे. एजबेस्टन, लॉर्ड्स, द ओवल, ओल्ड ट्रैफर्ड, हेडिंग्ले और ब्रिस्टल जैसे प्रतिष्ठित मैदानों पर मुकाबले खेले जाएंगे.

भारतीय महिला क्रिकेट टीम अपने अभियान की शुरुआत 14 जून को पाकिस्तान के खिलाफ करेगी, जो हमेशा की तरह सबसे चर्चित मुकाबला रहेगा. इसके बाद भारत 17 जून को नीदरलैंड से भिड़ेगा और 21 जून को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ महत्वपूर्ण मैच खेलेगा. 25 जून को बांग्लादेश के खिलाफ मुकाबला और 28 जून को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ग्रुप चरण का सबसे कठिन मैच खेला जाएगा.

### आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2026 : पूरा कार्यक्रम

**12 जून :** इंग्लैंड बनाम श्रीलंका – एजबेस्टन – रात 11 :00 बजे
**13 जून :** स्कॉटलैंड बनाम आयरलैंड – ओल्ड ट्रैफर्ड – दोपहर 3 :00 बजे
**13 जून :** ऑस्ट्रेलिया बनाम दक्षिण अफ्रीका – ओल्ड ट्रैफर्ड – शाम 7 :00 बजे
**13 जून :** वेस्टइंडीज बनाम न्यूजीलैंड – हैम्पशायर बाउल – रात 11 :00 बजे
**14 जून :** बांग्लादेश बनाम नीदरलैंड – एजबेस्टन – दोपहर 3 :00 बजे
**14 जून :** भारत बनाम पाकिस्तान – एजबेस्टन – शाम 7 :00 बजे
**16 जून :** न्यूजीलैंड बनाम श्रीलंका – हैम्पशायर बाउल – शाम 7 :00 बजे
**16 जून :** इंग्लैंड बनाम आयरलैंड – हैम्पशायर बाउल – रात 11 :00 बजे
**17 जून :** ऑस्ट्रेलिया बनाम बांग्लादेश – हेडिंग्ले – दोपहर 3 :00 बजे
**17 जून :** भारत बनाम नीदरलैंड – हेडिंग्ले – शाम 7 :00 बजे
**17 जून :** दक्षिण अफ्रीका बनाम पाकिस्तान – एजबेस्टन – रात 11 :00 बजे
**18 जून :** वेस्टइंडीज बनाम स्कॉटलैंड – हेडिंग्ले – रात 11 :00 बजे
**19 जून :** न्यूजीलैंड बनाम आयरलैंड – हैम्पशायर बाउल – रात 11 :00 बजे
**20 जून :** ऑस्ट्रेलिया बनाम नीदरलैंड – हैम्पशायर बाउल – दोपहर 3 :00 बजे
**20 जून :** पाकिस्तान बनाम बांग्लादेश – हैम्पशायर बाउल – शाम 7 :00 बजे
**20 जून :** इंग्लैंड बनाम स्कॉटलैंड – हेडिंग्ले – रात 11 :00 बजे
**21 जून :** वेस्टइंडीज बनाम श्रीलंका – ब्रिस्टल – दोपहर 3 :00 बजे
**21 जून :** दक्षिण अफ्रीका बनाम भारत – ओल्ड ट्रैफर्ड – शाम 7 :00 बजे
**23 जून :** न्यूजीलैंड बनाम स्कॉटलैंड – ब्रिस्टल – दोपहर 3 :00 बजे
**23 जून :** श्रीलंका बनाम आयरलैंड – ब्रिस्टल – शाम 7 :00 बजे
**23 जून :** ऑस्ट्रेलिया बनाम पाकिस्तान – हेडिंग्ले – रात 11 :00 बजे
**24 जून :** इंग्लैंड बनाम वेस्टइंडीज – लॉर्ड्स – रात 11 :00 बजे
**25 जून :** भारत बनाम बांग्लादेश – ओल्ड ट्रैफर्ड – शाम 7 :00 बजे
**25 जून :** दक्षिण अफ्रीका बनाम नीदरलैंड – ब्रिस्टल – रात 11 :00 बजे
**26 जून :** श्रीलंका बनाम स्कॉटलैंड – ओल्ड ट्रैफर्ड – रात 11 :00 बजे
**27 जून :** पाकिस्तान बनाम नीदरलैंड – ब्रिस्टल – दोपहर 3 :00 बजे
**27 जून :** वेस्टइंडीज बनाम आयरलैंड – ब्रिस्टल – शाम 7 :00 बजे
**27 जून :** इंग्लैंड बनाम न्यूजीलैंड – द ओवल – रात 11 :00 बजे
**28 जून :** दक्षिण अफ्रीका बनाम बांग्लादेश – लॉर्ड्स – दोपहर 3 :00 बजे
**28 जून :** ऑस्ट्रेलिया बनाम भारत – लॉर्ड्स – शाम 7 :00 बजे
**30 जून :** सेमीफाइनल 1 – द ओवल – शाम 7 :00 बजे
**2 जुलाई :** सेमीफाइनल 2 – द ओवल – रात 11 :00 बजे
**5 जुलाई :** फाइनल शाम 7 :00 बज

## मानसी के अर्धशतक से राइजर्स की फाल्कन्स पर जोरदार जीत

**मुंबई, 09 जून ठाणे स्काई राइजर्स ने मंगलवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में सोबो मुंबई फाल्कन्स पर 33 रन की शानदार जीत के साथ उद्घाटन नुवामा प्राइवेट टी20 मुंबई महिला लीग की अपनी पहली जीत दर्ज की.**



सलामी बल्लेबाज मानसी पाटिल के तूफानी अर्धशतक की बदौलत, राइजर्स ने 159/7 का प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाया और फिर अनुशासित गेंदबाजी प्रदर्शन करते हुए टेबल-टॉपर्स को 126/9 पर रोक दिया, जिससे फाल्कन्स को सीज़न की पहली हार मिली. हालाँकि, इस हार से फाल्कन्स पर ज्यादा फर्क नहीं पड़ेगा क्योंकि उन्होंने पहले ही फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है.

## बैडमिंटन : अर्जुन-हरिहरन की जोड़ी दूसरे राउंड में

**सिडनी, 9 जून ऑस्ट्रेलियन बैडमिंटन ओपन 2026 में भारत की पुरुष युगल जोड़ी एमआर अर्जुन और हरिहरन अमसाकरुनन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरे राउंड में प्रवेश कर लिया है.**



सिडनी के ओलंपिक बुलेवार्ड में खेले गए शुरुआती दौर के मुकाबले में भारतीय जोड़ी ने अमेरिका के आर्डेन क्वान ली और स्टेनली ज़िंग को सीधे गेम में हराकर अपनी श्रेष्ठता साबित की. मुकाबले का स्कोर 21-13, 21-10 रहा, जिसमें भारतीय खिलाड़ियों ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया और पूरे मैच पर नियंत्रण बनाए रखा. विश्व रैंकिंग में तेजी से 27वें स्थान तक पहुंची इस भारतीय जोड़ी ने अपने हालिया फॉर्म को बरकरार रखते हुए एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी मजबूत दावेदारी पेश की है. पहला गेम पूरी तरह भारतीय नियंत्रण में रहा, जबकि दूसरे गेम में अमेरिकी जोड़ी ने शुरुआती समय में कुछ प्रतिरोध दिखाया.

> इस टूर्नामेंट में भारत की एक अन्य पुरुष युगल जोड़ी अच्युतादित्य राव डोड्डावरपु और अर्जुन रेड्डी पोचाना शुरुआती दौर में ही बाहर हो गई. उन्हें स्थानीय ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी से 21-15, 21-15 से हार का सामना करना पड़ा. पुरुष एकल में सनीथ दयानंद ने शानदार प्रदर्शन करते हुए क्वालीफाइंग राउंड पार कर मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई है. उन्होंने लगातार दो मुकाबले जीतकर अपनी फॉर्म साबित की है और अब उनका सामना चीन के हू झे एन से होगा.

## भारत के मैचों के समय में किया बदलाव

**लंदन.** ईसीबी ने अगले महीने भारत के ख़िलाफ़ होने वाली इंग्लैंड की डे नाइट टी20 सीरीज़ के मैचों के शुरू होने के समय में बदलाव किया है, ताकि टीवी दर्शकों की संख्या को अधिकतम किया जा सके.

भारत की पुरुष टीम एक जुलाई से 19 जुलाई तक इंग्लैंड दौरे पर रहेगी, जहां पांच टी20 और तीन वनडे मुकाबले खेले जाएंगे. पांच मैचों की टी 20द्ध सीरीज़ के तीन शाम के मुक़ाबले पहले स्थानीय समयानुसार शाम 6:30 बजे (रात 11 बजे भारतीय समयानुसार) शुरू होने वाले थे.

हालांकि ब्रॉडकास्टर्स के साथ चर्चा के बाद अब इन मुक़ाबलों का समय बदलकर शाम 5:30 बजे (रात 10 बजे) कर दिया गया है.

इंग्लैंड के घरेलू अंतरराष्ट्रीय मैचों के समय ईसीबी, मेज़बान मैदानों, विपक्षी बोर्डों और घरेलू तथा विदेशी ब्रॉडकास्टर्स के साथ परामर्श के बाद तय किए जाते हैं. इस मामले में यूके में स्काई स्पोर्ट्स और भारत में सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क से चर्चा की गई.

6:30 बजे वाले स्लॉट से हटने का यह फ़ैसला इस बात को रेखांकित करता है कि इंग्लिश क्रिकेट 'हाई वैल्यू ब्रॉडकास्ट सीरीज़' पर कितना निर्भर है. व्यवहारिक रूप से इसका मतलब भारत वाली सीरीज़ से है. ईसीबी की हाल ही में प्रकाशित वित्तीय रिपोर्ट में भी यह बात सामने आई थी.

## स्पेन ने आखिरी अभ्यास में पेरू को हराया



पुएब्ला, मैक्सिको, 09 जून स्पेन ने फीफा वर्ल्ड कप से पहले अपने आखिरी अभ्यास मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए पेरू को 3-1 से आसानी से हराकर अपनी तैयारियों को मजबूत संकेत दिया.

यह मुकाबला सोमवार को खेला गया, जहां स्पेनिश टीम ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया और मैच पर पूरी तरह नियंत्रण बनाए रखा. मैच की शुरुआत स्पेन के लिए बेहद तेज रही. पहले ही दो मिनट के भीतर मिकेल ओयारज़ाबल ने पेनल्टी एरिया के बाहर से बाएं पैर से एक जोरदार शॉट लगाकर पेरू के गोलकीपर पेड्रो गैलेस को कोई मौका नहीं दिया और टीम को शुरुआती बढ़त दिला दी. यह गोल स्पेन की आत्मविश्वास भरी शुरुआत का संकेत था, जिसने पूरे मैच की दिशा तय कर दी.इसके बाद स्पेन ने मिडफील्ड में अपनी पकड़ और मजबूत कर ली. रोड्री, पेड्री और फैबियन रुइज़ की तिकड़ी ने गेंद पर लगातार नियंत्रण बनाए रखा और पेरू को ज्यादा अवसर नहीं दिए. 32वें मिनट में स्पेन ने अपनी बढ़त दोगुनी कर दी. फेरान टोरेस ने दाईं ओर से बेहतरीन जगह बनाते हुए सटीक पास पेड्री को दिया, जिन्होंने बिना किसी दबाव के खाली नेट में गेंद डालकर स्कोर 2-0 कर दिया.पहले हाफ में स्पेन ने पूरी तरह खेल को अपने पक्ष में रखा. डिफेंस में मार्क कुकुरेला, मार्कोस लोरेंटे, एमेरिक लापोर्टे और पाउ कुबारसी ने पेरू के हमलों को लगभग निष्प्रभावी कर दिया.

## सोमाली को नहीं मिली अमेरिका में एंट्री



**न्यूयॉर्क, 09 जून. अमेरिका के खेल मंत्रालय के एक अधिकारी के अनुसार, फीफा वर्ल्ड कप में रेफरी की भूमिका निभाने वाले एक सोमाली रेफरी को उनके देश में एंट्री नहीं दी गई है.**

गुरुवार से टूर्नामेंट के लिए फीफा द्वारा चुने गए 52 रेफरी में शामिल उमर अर्टन, वर्ल्ड कप में किसी मैच का संचालन करने वाले पहले सोमाली रेफरी बनने वाले थे. खबरों के मुताबिक उनके पास एंट्री के लिए वैध वीज़ा था, लेकिन सोमालिया के युवा और खेल मंत्रालय के सलाहकार सिसे एडेन एबशिर के अनुसार, मियामी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर अमेरिकी आव्रजन अधिकारियों ने उन्हें एंट्री देने से मना कर दिया और उन्हें वापस इस्तांबुल लौटना पड़ा, जहाँ वे ठहरे हुए थे.

एबशिर ने कहा, 'उमर अर्टन अफ्रीका के सबसे सम्मानित रेफरी में से एक हैं और वे पूरे फुटबॉल समुदाय के समर्थन के हकदार हैं.

उन्हें अमेरिका में एंट्री न देना और तय मैचों में रेफरी की भूमिका निभाने से रोकना न केवल उन्हें व्यक्तिगत रूप से नुकसान पहुंचाता है, बल्कि निष्पक्षता, योग्यता और फेयर प्ले की भावना के प्रति फुटबॉल की प्रतिबद्धता को भी कमजोर करता है.'

## डीपी वर्ल्ड इंडिया : खिलाड़ियों की सूची में शामिल

**नयी दिल्ली.** डीपी वर्ल्ड टूर और पीजीए टूर के विजेता विक्टर होवलैंड और रयान फॉक्स, 15-18 अक्टूबर, 2026 को दिल्ली में होने वाली डीपी वर्ल्ड इंडिया चैंपियनशिप के दूसरे एडिशन के लिए शानदार खिलाड़ियों की लिस्ट में शामिल होने जा रहे हैं. दुनिया के कुछ बेहतरीन खिलाड़ी एक बार फिर दिल्ली गोल्फ़ क्लब में 4,000,000 डॉलर के इस बहुप्रतीक्षित इवेंट में खेलेंगे - होवलैंड और फॉक्स, यूरोपियन राइडर कप के तीन स्टार खिलाड़ियों - मौजूदा चैंपियन टॉमी फ्लीटवुड, लगातार दो बार मास्टर्स जीतने वाले रोरी मैकलराय और मेजर चैंपियन जस्टिन रोज़ - के साथ शामिल होंगे. होवलैंड डीपी वर्ल्ड इंडिया चैंपियनशिप में दूसरी बार हिस्सा ले रहे हैं; पिछले साल अक्टूबर में अपने डेब्यू पर वे संयुक्त रूप से छठे स्थान पर रहे थे. नॉर्वे के 28 वर्षीय खिलाड़ी डीपी वर्ल्ड टूर और पीजीए टूर दोनों पर जीत हासिल करने वाले पहले खिलाड़ी थे. तीन बार राइडर कप खेल चुके होवलैंड, 2023 में रोम और पिछले सितंबर में न्यूयॉर्क में यूरोप की ऐतिहासिक लगातार जीत का हिस्सा थे.


### कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति मनावर जिला धार (म.प्र.)

email id : mandimanawarmp@gmail.com

क्रमांक / मण्डी / निर्माण / 2026-27 / 258 मनावर, दिनांक 08.06.2026

**/ / बी. ओ. टी. तोलकांटा हेतु निविदा आमंत्रण सूचना //**

कृषि उपज मंडी समिति मनावर द्वारा टेंडर प्रणाली के माध्यम से उपमंडी प्रागंण सिंघाना एवं उपमंडी प्रागंण बाकानेर में स्वयं के व्यय पर बिल्ट ऑपरेट एण्ड ट्रांन्सफर बी.ओ.टी आधार पर तोलकांटा (क्षमता 10 मे. टन) स्थापना एवं संचालन हेतु वार्षिक प्रीमियम के आधार पर निविदा सिस्टम क्रमांक 2026_MPSAM_ 513791, 2026_MPSAM_513793 ऑनलाइन निविदाएं दिनांक 30.06.2026 को समय शाम 06:00 PM तक ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है । निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी ऑनलाइन पोर्टल www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है।

नोटः- आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना अथवा अन्य जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल पर प्रदर्षित की जावेगी ।

**सचिव**
कृषि उपज मण्डी समिति
मनावर जिला धार (म.प्र.)

**भारसाधक अधिकारी**
कृषि उपज मण्डी समिति
मनावर जिला धार (म.प्र.)

### कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर
**(जनकार्य विभाग)**

ई-मेल: jankarya.vibhag2023@gmail.com, फोन : 7440440233

**निविदा विज्ञप्ति क्र.:** 35/सिविल/ 26-27/ग्रुप न.-01 से ग्रुप न.-07 तक

**निविदा आमंत्रण**

**दिनांक:** 05.06.2026

केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार से (MPUADD Road & Bridge SOR, DATE 08-11-2025/NON SOR/ BUILDING SOR DATE-02-08-2021 पर आधारित) ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

| ग्रुप क्र. | टेंडर क्र. | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा क्रय करने एवं खोलने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2026_UAD_513413_1 | झोन क्र. 19 वार्ड क्र. 50 के अन्तर्गत कॉलोनियों की सड़कों एवं मुख्य मार्गो पर आगामी वर्षा ऋतु के दृष्टिगत मुरम चुरी डालकर बिछाना। | 90 दिवस ₹3,54,798/- | ₹2,000/- ₹3,600/- | 22-06-2026 6.00 PM 24-06-2026 |
| 02 | 2026_UAD_513414_1 | झोन क्र. 19 वार्ड क्र. 53 के अन्तर्गत कॉलोनियों की सड़कों एवं मुख्य मार्गो पर आगामी वर्षा ऋतु के दृष्टिगत मुरम चुरी डालकर बिछाना। | 90 दिवस ₹3,60,202/- | ₹2,000/- ₹3,700/- | 22-06-2026 6.00 PM 24-06-2026 |
| 03 | 2026_UAD_513415_1 | झोन क्र. 19 वार्ड क्र. 41 के अन्तर्गत कॉलोनियों की सड़कों एवं मुख्य मार्गो पर आगामी वर्षा ऋतु के दृष्टिगत मुरम चुरी डालकर बिछाना। | 90 दिवस ₹3,61,058/- | ₹2,000/- ₹3,700/- | 22-06-2026 6.00 PM 24-06-2026 |
| 04 | 2026_UAD_513416_1 | झोन क्र. 10 वार्ड क्र. 49 के अन्तर्गत वर्षा ऋतु में आवश्यक स्थानों पर कीचड़ समस्या निवारण हेतु मुरम चुरी डालकर मेटल पेंचवर्क करना। | 90 दिवस ₹5,80,380/- | ₹2,000/- ₹5,900/- | 22-06-2026 6.00 PM 24-06-2026 |
| 05 | 2026_UAD_513417_1 | झोन क्र. 10 वार्ड क्र. 42 के अन्तर्गत वर्षा ऋतु में आवश्यक स्थानों पर कीचड़ समस्या निवारण हेतु मुरम चुरी डालकर मेटल पेंचवर्क करना। | 90 दिवस ₹5,89,685/- | ₹2,000/- ₹5,900/- | 22-06-2026 6.00 PM 24-06-2026 |
| 06 | 2026_UAD_513418_1 | झोन क्र. 10 वार्ड क्र. 40 के अन्तर्गत वर्षा ऋतु में आवश्यक स्थानों पर कीचड़ समस्या निवारण हेतु मुरम चुरी डालना। | 90 दिवस ₹8,03,550/- | ₹2,000/- ₹8,100/- | 22-06-2026 6.00 PM 24-06-2026 |
| 07 | 2026_UAD_513419_1 | झोन क्र. 19 वार्ड क्र. 76 के अन्तर्गत कॉलोनियों की सड़कों एवं मुख्य मार्गो पर आगामी वर्षा ऋतु के दृष्टिगत मुरम चुरी डालकर बिछाना। | 90 दिवस ₹8,52,680/- | ₹2,000/- ₹8,600/- | 22-06-2026 6.00 PM 24-06-2026 |

**नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in/ की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।**

प्रतिबंधित पॉलीथिन, कैरीबैग के निर्माण/ विक्रय/ उपयोग करने पर दंड व सजा का प्रावधान है।

**कार्यपालन यंत्री**
**(जनकार्य विभाग)**
**नगर पालिक निगम, इन्दौर**

### कार्यालय उज्जैन नगर पालिक निगम, उज्जैन
छत्रपति शिवाजी भवन आगर रोड उज्जैन

विज्ञप्ति क्र. / शि.वि. / 2026 / 959

(Online) निविदा आमंत्रण सूचना

उज्जैन दिनांक :- 04/06/26

निम्नांकित कार्य के लिए प्रपत्र 'अ' (फार्म ए) में प्रतिशत कम या अधिक के आधार पर प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग म.प्र. शासन भोपाल के कार्यालय में पंजीकृत ठेकेदारों से उक्त विभाग में पंजीयन प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति प्रस्तुत करने पर ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है, तथा ठेकेदार की (श्रेणी सी) एम. पी. गर्वमेंट व नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग म.प्र. भोपाल UADD SOR 02-08-2021 सिरियल क्र. 01 से 00 का टेण्डर फार्म का मूल्य 1000 तथा सिरियल क्र. 07 से 11 तक का टेण्डर फार्म का मूल्य 2000 रहेगा एवं सिरियल क्रमांक 12 से 13 का टेण्डर फार्म मूल्य 5000 रहेगा ।

सिरियल क्र. 01 से सिरियल क्र. 13, को आनलाईन क्रय करने व ऑनलाईन ई.एम.डी. राशि एवं समस्त दस्तावेजों को Submission करने की अंतिम दिनांक 19.06.2026 समय 17.30 रहेगी। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एवं अन्य जानकारी वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती हैं। यदि उपरोक्त निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होता है तो इसकी सूचना ऑन लाईन दी जावेगी। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नही की जावेगी ।

| क्र | टेंडर क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | अर्नेस्ट मनी रु. | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_UAD_459628_3 | वार्ड क्रमांक 26 में विभिन्न चिन्हित स्थानों पर कुर्सिया लगाने बाबत। | 98998/- | 1979/- | 30 दिन |
| 2 | 2025_UAD_459806_3 | वार्ड क्रमांक 26 अंतर्गत विभिन्न चिन्हित मार्गो पर सांकेतिक बोर्ड लगाये जाने का कार्य । | 70685/- | 1413/- | 30 दिन |
| 3 | 2025_UAD_442904_3 | वार्ड क्रमांक 26 अंतर्गत लक्ष्मीनारायण मंदिर के सामने स्थित गूंदी बाखल की गली में सी.सी. रोड निर्माण कार्य । | 132082/- | 2641/- | 30 दिन |
| 4 | 2026_UAD_496034_2 | वार्ड क्रमांक 28 अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर रोड सांकेतक लगाये जाने हेतु । | 175159/- | 3510/- | 30 दिन |
| 5 | 2023_UAD_319150_10 | वार्ड क्रमांक 26 हैदरी शॉप के सामने क्रॉस ड्रेन निर्माण । | 122640/- | 2452/- | 30 दिन |
| 6 | 2025_UAD_410434_3 | वार्ड क्रमांक 26 कंगालपुरा शीतला माता मंदिर की गली में नाली व क्रास निर्माण कार्य। | 169835/- | 3396/- | 30 दिन |
| 7 | 2026_UAD_495906_2 | वार्ड क्रमांक 28 अंर्तगर्त भूरी के अड्डा में सीमेंट कांक्रीट कार्य । | 343706/- | 3440/- | 30 दिन |
| 8 | 2025_UAD_439199_3 | वार्ड क्रमांक 26 तांबे की चाल वाली गली में सी.सी. रोड़ व नाली निर्माण कार्य । | 415836/- | 8316/- | 60 दिन |
| 9 | 2025_UAD_442991_3 | वार्ड क्रमांक 26 अंतर्गत शीतला माता मंदिर से भाट गली तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 746239/- | 14924/- | 60 दिन |
| 10 | 2023_UAD_304209_12 | वार्ड क्रमांक 26 अंतर्गत अवंतिका प्रेस के सामने सी.सी रोड और भगवती गली में क्रॉस ड्रेन निर्माण कार्य। | 732055/- | 14640/- | 90 दिन |
| 11 | 2026_UAD_495886_2 | वार्ड क्रमांक 26 अंतर्गत समस्त संधारण, मरम्मत कार्य । | 845450/- | 8460/- | 60 दिन |
| 12 | 2026_UAD_484891_2 | वार्ड क्रमांक 29 अंतर्गत आनंदेश्वर महादेव मंदिर के पास सभामण्डप निर्माण कार्य । | 3427939/- | 25710/- | 180 दिन |
| 13 | 2025_UAD_442356_3 | झोन 03 वार्ड क्र. 26 अंतर्गत विभिन्न 4 प्रस्तावित स्थानों पर सी.सी. रोड़ निर्माण व 1 स्थान पर क्रॉसड्रेन निर्माण कार्य। | 2048165/- | 40963/- | 90 दिन |

**कार्यपालन यंत्री**
**झोन क्र. 03**
**नगर पालिक निगम उज्जैन**